महत्वपूर्ण/ सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या-01/2024/25/90-सं0शि0प0का0/2024-02(सं0शि0)/2015

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2- पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

संसदीय शिष्टाचार/पत्राचार कार्यान्वयन अनुभाग **लखनऊ: दिनांक- 05 जनवरी, 2024**

विषय- प्रदेश मुख्यालय/ जिला स्तर पर विभिन्न आयोजनों/ बैठकों में मा0 जनप्रतिनिधियों/ अधिकारियों के बैठने हेतु स्थान निर्धारित किये जाने तथा सरकारी कार्यक्रमों में मा0 जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने व इससे संबंधित विज्ञापनों एवं शिलापट्टों पर नाम अंकित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश मुख्यालय/ जिला स्तर पर आयोजित बैठकों/ आयोजनों में मा0 जनप्रतिनिधियों (मा0 सांसद एवं विधान मण्डल के मा0 सदस्यगण) के बैठने के स्थान, सरकारी कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित किये जाने तथा तत्सम्बन्धी विज्ञापनों एवं शिलापट्टों पर उनका नाम अंकित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष, विधान सभा, मा0 सभापति, विधान परिषद एवं मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी की दिनांक 14-09-2023 को एक बैठक हुई थी, जिसमें मा0 जनप्रतिनिधियों को अनुमन्य प्रोटोकॉल तथा अन्य पहलुओं पर विचार-विमर्श के उपरान्त विभिन्न निर्णय लिए गये। इस सम्बन्ध में इस आदेश के द्वारा एतद् विषयक पूर्व में निर्गत निर्देशों को अवक्रमित करते हुए निम्नानुसार व्यवस्था का अनुपालन किये जाने हेतु आदेश निर्गत किये जाते हैं:

(1) मा0 विधायकगण का एक निश्चित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र होता है। किन्तु मा0 विधान परिषद के सदस्यगण के निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार एक या एक से अधिक जनपदों में होता है। इसके लिए विधान परिषद सचिवालय के द्वारा सभी मा0 सदस्यों का उनके द्वारा चुने हुए जनपद अथवा नोडल जनपद, जैसा कि अनुलग्नक-01 में दर्शाया गया है, निर्धारित किया गया है। मा0 सदस्यदगण अपने क्षेत्र विकास निधि से अपने पूरे निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले जनपदों में कार्य करा सकते हैं, यथापि उनके नाम के आगे अंकित जनपद से ही उनकी सारी व्यवस्था निर्धारित की जाती है।

(2) किसी भी जनपद की बैठक अथवा कार्यक्रम में मा0 विधान परिषद के ऐसे मा0 सदस्य ही आमंत्रित किए जायेंगे, जिनका नाम अनुलग्नक-01 में संबंधित जनपद के सम्मुख लिखा हुआ है। विधान परिषद के ऐसे मा0 सदस्य, जिन्होंने उनके नाम के आगे आवंटित जनपद के अलावा अपने क्षेत्र के किसी अन्य जनपद में अपने क्षेत्र विकास निधि से यदि कोई कार्य कराया है, एवं वह कार्य मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में सम्मिलित है, तो ऐसे मामलों में उस जनपद के कार्यक्रम में संबंधित मा0 विधान परिषद सदस्य को भी आमंत्रित किया जायेगा।

(3) प्रदेश मुख्यालय/ जिला स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों, उदाहरण के लिए 'दिशा' आदि की समीक्षा बैठक में अध्यक्षता कर रहे मा0 सांसद जी के दाहिनी तरफ उस जनपद के मा0 सांसद, मा0 विधायक तथा विधान परिषद के ऐसे मा0 सदस्यगण, जिनको वह जनपद

कृ0पृ0-2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनुलग्नक-01 में उनके नाम के सम्मुख अंकित है, के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। 'दिशा' की बैठक में मा0 सांसद जी के सहयोग के लिए जिलाधिकारी एवं अन्य अपेक्षित अधिकारीगण उनके बायीं तरफ बैठेंगे।

(4) मा0 मुख्यमंत्री जी के जो भी कार्यक्रम प्रदेश मुख्यालय/ जनपद स्तर पर होते हैं, उनमें मंच की अग्रिम पंक्ति में मा0 सांसद तथा विधामण्डल के मा0 सदस्यगण, जो उपस्थित हैं, बैठेंगे। इन बैठकों/ आयोजनों में यदि उपस्थित जनप्रतिनिधियों की संख्या अधिक होती है तो उन्हें दूसरी/ तीसरी पंक्ति में बैठाया जा सकता है। केवल मुख्य सचिव अथवा जिस विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, उसके विभाग प्रमुख, यानि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव, मंच की अग्रिम पंक्ति में बैठ सकते हैं, किन्तु यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई भी जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी के पीछे नहीं बैठेंगे।

(5) मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रदेश मुख्यालय/ जनपद स्तरीय कार्यक्रमों में केवल उपस्थित होने की सहमति देने वाले उक्त जनपद के मा0 सांसद, मा0 विधायक व मा0 विधान परिषद सदस्य, जिनके नाम के सम्मुख सम्बन्धित जिला अंकित है, के ही नाम शिलापट्ट या विज्ञापन में लिखे जायेंगे।

(6) मा0 विधान परिषद के ऐसे सदस्य, जिन्होंने उनके नाम के आगे आवंटित जनपद के अलावा अपने क्षेत्र विकास निधि से अपने निर्वाचन क्षेत्र के किसी अन्य जनपद में कार्य कराया है, तो ऐसे मामलों में उस कार्य के मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने पर, यदि वे अपनी उपस्थिति की सहमति देते हैं, तो उनके बैठने तथा उनके नाम शिलापट्ट तथा विज्ञापन में दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

2. कृपया उपरोक्त निर्देशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव।

संख्या-01/2024/25(1)/90-सं0शि0प0का0/2024 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-

1- निजी सचिव, माननीय मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश।
2- निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश ।
3- निजी सचिव, माननीय सभापति, विधान परिषद, उत्तर प्रदेश ।
4- निजी सचिव, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश।
5- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, विधान सभा/ विधान परिषद, उत्तर प्रदेश।
7- विशेष सचिव, विधान सभा सचिवालय, समिति (सामान्य) अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
जे0पी0 सिंह-II
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनुलग्नक–01

माननीय विधान परिषद सदस्यगण को आवंटित नोडल जनपद

कम संख्या	मा0 विधान परिषद सदस्य का नाम	नोडल जनपद का नाम
1.	श्री केशव प्रसाद मौर्य	प्रयागराज
2.	श्री भूपेन्द्र सिंह	मुरादाबाद
3.	श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह	गोरखपुर
4.	श्री अरूण पाठक	कानपुर नगर
5.	डा0 जयपाल सिंह व्यस्त	मुरादाबाद
6.	श्री राजबहादुर सिंह चन्देल	उन्नाव
7.	श्री यशवन्त	मऊ
8.	श्री विजय बहादुर पाठक	आजमगढ़
9.	श्री विद्या सागर सोनकर	जौनपुर
10.	डा0 सरोजनी अग्रवाल	मेरठ
11.	श्री नरेश चन्द्र उत्तम	फतेहपुर
12.	श्री भीमराव अम्बेडकर	इटावा
13.	श्री आशीष पटेल	चित्रकूट
14.	श्री अशोक कटारिया	बिजनौर
15.	श्री अशोक धवन	वाराणसी
16.	श्री बुक्कल नवाब	लखनऊ
17.	डा0 महेन्द्र कुमार सिंह	लखनऊ
18.	श्री मोहसिन रजा	लखनऊ
19.	श्री उमेश द्विवेदी	लखनऊ
20.	श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी	सिद्धार्थनगर
21.	श्री श्रीचन्द्र शर्मा	गौतमबुद्ध नगर
22.	डा0 आकाश अग्रवाल	आगरा
23.	डा0 हरी सिंह ढिल्लो	अमरोहा
24.	इंजी0 अवनीश कुमार सिंह	हरदोई
25.	श्री आशुतोष सिन्हा	वाराणसी
26.	डा0 मान सिंह यादव	जालौन
27.	डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह "गुरू जी"	अलीगढ़
28	श्री दिनेश कुमार गोयल	गाजियाबाद
29.	श्री लाल बिहारी यादव	चन्दौली
30.	श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह	झाँसी
31.	डा0 दिनेश शर्मा	लखनऊ
32.	श्री स्वतंत्र देव सिंह	जालौन

33.	श्री अश्वनी त्यागी	मेरठ
34.	श्री गोविन्द नारायण	अमेठी
35.	श्री धर्मवीर प्रजापति	हाथरस
36	श्री सलील विश्नोई	कानपुर
37.	श्री सुरेन्द्र चौधरी	प्रयागराज
38.	श्री राजेन्द्र चौधरी	लखनऊ
39.	श्री जितिन प्रसाद	शाहजहाँपुर
40.	श्री संजय कुमार निषाद	गोरखपुर
41.	श्री वीरेन्द्र सिंह	शामली
42.	श्री राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान	मुरादाबाद
43.	श्री सत्यपाल सिंह	मुरादाबाद
44.	श्री कुंवर महाराज सिंह	बरेली
45.	श्री वागीश पाठक	बदायूँ
46.	डा0 सुधीर गुप्ता	शाहजहाँपुर
47.	श्री अशोक कुमार	हरदोई
48.	श्री अनूप कुमार गुप्ता	खीरी
49.	श्री पवन कुमार सिंह	सीतापुर
50.	श्री राम चन्द्र प्रधान	लखनऊ
51.	श्री दिनेश प्रताप सिंह	रायबरेली
52.	श्री अक्षय प्रताप सिंह	प्रतापगढ़
53.	श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह	सुल्तानपुर
54.	श्री अंगद कुमार सिंह	बाराबंकी
55.	श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी	बहराइच
56.	श्री अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह	गोण्डा
57.	श्री हरिओम पाण्डेय	अम्बेडकर नगर
58.	श्री सुभाषचन्द्र उर्फ सुभाष यदुवंश	बस्ती
59.	श्री सी0पी0 चन्द	गोरखपुर
60.	डा0 रतन पाल सिंह	देवरिया
61.	श्री विकान्त सिंह उर्फ रिशु	मऊ
62.	श्री रविशंकर सिंह "पप्पू भैया"	बलिया
63.	श्री विशाल सिंह "चंचल"	गाजीपुर
64.	श्री बृजेश कुमार सिंह "प्रिन्सू"	जौनपुर
65.	श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह	वाराणसी
66.	श्री श्याम नारायन सिंह	वाराणसी
67.	डा0 के0पी0 श्रीवास्तव	प्रयागराज
68.	श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर	महोबा
69.	श्रीमती रमा निरंजन	जालौन
70.	श्री अविनाश सिंह चौहान	कानपुर देहात
71.	श्री प्रॉशु दत्त द्विवेदी	फर्रूखाबाद

72.	श्री विजय शिवहरे	आगरा
73.	श्री आशीष कुमार यादव	एटा
74.	श्री ओम प्रकाश	मथुरा
75.	श्री ऋषिपाल सिंह	अलीगढ़
76.	श्री नरेन्द्र सिंह भाटी	गौतमबुद्ध नगर
77.	श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज	मेरठ
78.	श्रीमती वन्दना वर्मा	मुजफ्फरनगर
79.	श्री जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर	शाहजहांपुर
80.	श्री जसवन्त सिंह सैनी	सहारनपुर
81.	श्री दयाशंकर मिश्र "दयालू"	वाराणसी
82.	श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप	गाजियाबाद
83.	श्री अरविंद कुमार शर्मा	मऊ
84.	श्री मुकेश शर्मा	लखनऊ
85.	श्री मुहम्मद दानिश	बलिया
86.	श्री मुकुल यादव	मैनपुरी
87.	मो0 जासमीर अंसारी	सीतापुर
88.	श्री शाहनवाज खान	सहारनपुर
89.	श्री स्वामी प्रसाद मौर्य	कुशीनगर
90.	श्रीमती निर्मला पासवान	प्रयागराज
91.	डा0 धमेन्द्र सिंह	गोरखपुर
92.	डा0 बाबूलाल तिवारी	झाँसी
93.	श्री रजनीकान्त महेश्वरी	कासगंज
94.	श्री साकेत मिश्रा	बलरामपुर
95.	श्री लालजी निर्मल	लखनऊ
96.	श्री तारिक मन्सूर	अलीगढ़
97.	श्री रामसूरत राजभर	आजमगढ़
98	श्री हंसराज विश्वकर्मा	वाराणसी